समाचार

नगर निगम कोरबा के वार्डो में प्रतिदिन खेले जा रहे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल

(बच्चों, युवाओं, महिलाओं व सभी आयु वर्ग के लोगों में इन पारंपरिक खेलों के प्रति उमड़ रहा उत्साह)

कोरबा 09 अक्टूबर 2022 – प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने व इनके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए प्रदेश में प्रारंभ कराए गए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के सभी वार्डो में प्रतिदिन खेलों का आयोजन किया जा रहा है, वहीं बच्चों, युवाओं व महिलाओं में इन पारंपरिक खेलों के प्रति अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है, काफी संख्या में लोग इन खेलों का आनंद लेने खेल मैदानों में पहुंच रहे हैं।

कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्डो में राजीव युवा मितान क्लब के आयोजकत्व में प्रतिदिन छत्तीसगढ़ ओलंपिक का आयोजन कर राज्य के पारंपरिक खेल खेले जा रहे हैं, इन आयोजनों की सबसे बड़ी व खास बात यह है कि बच्चे, युवा, महिलाएं तथा सभी आयु के लोग इन पारंपरिक खेलों में अच्छी खासी रूचि ले रहे हैं। यहॉ उल्लेखनीय है कि 06 अक्टूबर से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आगाज हो चुका है, इन खेलों में दलीय एवं एकल श्रेणी में 14 तरह के पारंपरिक खेल गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, लंगडी दौड़, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, कब्बड़ी, गेढ़ी दौड़, भौरा, रस्सा कसी सहित अन्य खेल खेले जा रहे हैं, प्रतिदिन की भांति रविवार को भी नगर निगम कोरबा के वार्ड क्र. 22, 19, 28, 31, 33, 25, 17, 43, 46, 45, 20, 47, 48, 06, 16, 63, 01, 51, 54, 50, 55, 49, 03, 11, 61, 56 सहित कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल, बालको, दर्री, बांकीमोंगरा व सर्वमंगला जोन के अन्य विभिन्न वार्डो में विभिन्न पारंपरिक खेल खेले गए। 06 अक्टूबर से राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर खेली जा रही खेल प्रतियोगिताएं 11 अक्टूबर तक जारी रहेंगी तत्पश्चात 15 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक जोन स्तर पर, 27 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक नगरीय निकाय कलेस्टर व

विकासखण्ड स्तर पर, 17 नवम्बर से 26 नवम्बर तक जिला स्तर पर, 05 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक संभाग स्तर पर तथा 28 दिसम्बर से 06 जनवरी 2023 तक राज्य स्तर पर यह खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न होगी।